भारत सरकार
शिक्षा मंत्रालय
उच्चतर शिक्षा विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या-1510
उत्तर देने की तारीख-09/02/2026

शहडोल में कौशल उत्कृष्टता केन्द्र की स्थापना

1510. श्रीमती हिमाद्री सिंहः

क्या ***शिक्षा*** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का विचार मध्य प्रदेश के शहडोल संसदीय निर्वाचन क्षेत्र जैसे जनजातीय बहुल क्षेत्रों में उच्च शिक्षा तक पहुंच को सुगम बनाने के लिए कोई नया केन्द्रीय संस्थान अथवा कौशल उत्कृष्टता केन्द्र स्थापित करने का है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ख) विगत तीन वर्षों के दौरान प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा प्रोत्साहन (पीएम-यूएसपी) जैसी सरकारी छात्रवृत्ति योजनाओं के माध्यम से शहडोल क्षेत्र के कितने छात्र लाभान्वित हुए हैं और इसका सामाजिक-आर्थिक प्रभाव क्या है?

उत्तर

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री
(डॉ. सुकान्त मजूमदार)

(क) और (ख): कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय (एमएसडीई) के तत्वावधान में युवाओं को "मेक फॉर इंडिया, मेक फॉर द वर्ल्ड" विनिर्माण पहल के लिए आवश्यक कौशल से सुसज्जित करने हेतु केंद्रीय बजट 2025-26 में कौशल के लिए पांच राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्रों (सीओई) की घोषणा की गई थी। बजट घोषणा के अनुसार, इन सीओई की परिकल्पना पाठ्यक्रम डिजाइन, प्रशिक्षकों के प्रशिक्षण, कौशल प्रमाणन ढांचे के विकास और समय-समय पर समीक्षा के लिए वैश्विक विशेषज्ञता और साझेदारी के साथ की गई है। कौशल के लिए प्रस्तावित राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र का उद्देश्य देश भर के ग्रामीण, आदिवासी और आर्थिक रूप से वंचित क्षेत्रों के युवाओं सहित समाज के विभिन्न वर्गों की प्रशिक्षण आवश्यकताओं को पूरा करना है। नए सीओई की स्थापना के लिए दिशा-निर्देशों में संशोधन किया जा रहा है।

पिछले तीन वर्षों के दौरान मध्य प्रदेश के शहडोल से प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा प्रोत्साहन (पीएम-यूएसपी) के तहत लाभान्वित छात्रों की संख्या अनुलग्नक के अनुसार संलग्न है।

****

अनुलग्नक

शहडोल में कौशल उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना के संबंध में माननीय संसद सदस्य श्रीमती हिमाद्री सिंह द्वारा दिनांक 09.02.2026 को पूछे गए लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1510 के भाग (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

पीएम-यूएसपी सीएसएसएस जिला-शहडोल, मध्य प्रदेश		
	छात्रवृत्ति की संख्या	राशि
	नये + नवीनीकरण	
वित्त वर्ष	कुल	कुल
2022-23	39	532000
2023-24	31	428000
2024-25	31	396000

मध्य प्रदेश राज्य के लिए पीएम-यूएसपी सीएसएसएस के तहत छात्रवृत्ति वितरित की गई		
वित्त वर्ष	छात्रवृत्ति की संख्या	राशि
	नये + नवीनीकरण	
	कुल	कुल
2022-23	16463	216650000
2023-24	14498	189696000
2024-25	15228	197872000

*****